श्याम का मेला आया है | by Mamta Bharti

रंग रंगीला फागुन आया बाजे ढोल नगाड़े
धरती और गगन में गूंजे जय श्री श्याम के नारे
सजी स्वर्ग से खाटू नगरी चांद लगा शर्माने
निशान चढ़ाने श्याम धनी का खाटू चले दीवाने
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

जिन्हें मेरे संग जाना है संग वह मेरे आ जाओ
रेल से जिनको जाना है चले वह रेल से जाओ
अगर कोई संगीत साथी हो उसे भी संग ले आओ
यह फागुन वाली ग्यारस है चले आओ चले आओ
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

कोई आया कलकत्ते से कोई अमृतसर से
कोई आया नई दिल्ली से कोई हरियाणा से
मथुरा वृंदावन से तगड़ा मेला आया है
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

कहीं कीर्तन श्याम धनी का कहीं धमाल रंगो का
खुशी के मारे खिला हुआ है चेहरा भक्तजनों का
भंडारे का जगह जगह पर पंडाल लगाया है
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

देव पधारे स्वर्ग लोक से सांवरिया के द्वारे
कोई बोले सेठ सांवरा कोई श्याम पुकारे
देख अनाड़ी और ममता का दिल हर्ष आया है
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

प्यारी प्यारी चौखट पर जाकर सर को झुकाना है
श्याम से मिलना है और मेले का बहाना है
श्याम का मेला आया है सभी भक्तों को बुलाया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-mamta-bharti/